माघ मकरगत रबि जब होई । तीरथपतिहिं आव सब कोई ।।
देव दनुज किंनर नर श्रेनीं । सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनीं ।।
|| मानस महाकुंभ || Ram Katha 950-✲Prayagraj || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 193 | इंदौर, मंगलवार 28 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Amarnath Yatra 2025: अब 100 लोग एक साथ कर सकेंगे बाबा बर्फानी के दर्शन, नए स्वरूप में दिखेगी पवित्र गुफा
2. फरवरी में अमेरिका जा सकते हैं पीएम नरेंद्र मोदी
3. कानपुर: बारात से पहले बिदका दूल्हे का घोड़ा, मासूम को मारी लात, ऑन स्पॉट मौत
4. औरैया: ट्रैक्टर-ट्रॉली में ट्रेन का पहिया लगाकर दौड़ा रहा था, ARTO ने काटा 10 लाख से अधिक चालान
5. रायबरेली में बड़ा हादसा: ट्रैक्टर और बोलेरो के बीच टक्कर; मौनी अमावस्या स्नान के लिए जा रहे चार लोगों की मौत
6. IND vs ENG: इंग्लैंड से लगातार पांचवीं टी20 सीरीज जीतने उतरेगा भारत, तीसरा मैच आज
7. राम रहीम को फिर 30 दिन की पैरोल: नौवीं बार आया सुनारिया जेल से बाहर, पहली बार गया सिरसा आश्रम

# इंस्पेक्टर की पत्थरों से कुचलकर हत्या

### बायपास पर मिला शव, विवाद की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, नप्र

**इंदौर।** खजराना बायपास इलाके में तीन दिन पहले मिले शव की पहचान पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के इंस्पेक्टर प्रभात नारायण चतुर्वेदी के रूप में हुई है। उन्हें पत्थरों से कुचलकर बेरहमी से मारा गया और फिर उनका शव बायपास पर एक गार्डन के पास फेंक दिया गया। पुलिस ने तीन दिनों तक उनकी शिनाख्त करने की कोशिश की। सोमवार को उनके परिजन विजय नगर थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे, तब पुलिस ने उन्हें लावारिस शव की जानकारी दी। इसके बाद शव की पहचान इंस्पेक्टर चतुर्वेदी के रूप में हुई।

### पहले अज्ञात शव का मामला दर्ज हुआ था

डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि 24 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे खजराना क्षेत्र में 42 वर्षीय व्यक्ति का खून से लथपथ शव बरामद किया गया था। कपड़ों की तलाशी में कोई पहचान पत्र नहीं मिला था। पुलिस ने अज्ञात शव का मामला दर्ज कर शिनाख्ती के प्रयास शुरू किए और 25 जनवरी को यह पुष्टि हुई कि शव पीआरटीएस इंस्पेक्टर प्रभात नारायण चतुर्वेदी का है। पीआरटीएस अधिकारियों ने बताया कि इंस्पेक्टर चतुर्वेदी 22 जनवरी को ड्यूटी पर आए थे, लेकिन उसके बाद से ही वे लापता थे। इससे पहले भी वे बीमारी और अन्य कारणों से कई बार ड्यूटी से गैरहाजिर रहे हैं। उनकी हत्या किसने और क्यों की, इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि वे घर से करीब 50 हजार रुपए लेकर निकले थे।



प्रभात नारायण चतुर्वेदी की पत्नी मत्स्य पालन विभाग में सेकंड ग्रेड ऑफिसर हैं। उनके दो बेटे हैं, जिनमें से एक यूपीएससी की तैयारी कर रहा है और दूसरा विजय नगर इलाके में होटल का संचालन करता है। परिवार इस घटना से गहरे सदमे में है और हत्या की ठोस वजह को लेकर अब तक कुछ नहीं कहा जा सका है। पुलिस अब तक परिवार के बयान भी दर्ज नहीं कर पाई है। घटना के बाद खजराना पुलिस ने इलाके में घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में सुबह करीब 4 बजे एक ऑटो रिक्शा घटनास्थल से गुजरता दिखाई दिया। पुलिस इसी ऑटो रिक्शा की मदद से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। शव मिलने के बाद परिजनों से पोस्टमार्टम भवन में पहचान करवाई गई। पीआरटीएस अधिकारियों ने यह भी बताया कि इंस्पेक्टर चतुर्वेदी अत्यधिक शराब पीने के आदी थे और कई बार इस वजह से ड्यूटी से भी गैरहाजिर रहे। उनकी हत्या जिस तरह से की गई है, उससे किसी तत्कालिक विवाद की आशंका जताई जा रही है।

# सीएम का जापान दौरा मध्यप्रदेश को आर्थिक मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश को हर पहलू से मजबूत बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहे जनननायक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मास्टर स्ट्रॉक मारने जा रहे हैं। वे 27 से 31 जनवरी तक जापान की यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान वे जापान के उद्योगपतियों-निवेशकों को ग्लोबल इंवेस्टर समिट (GIS) में शामिल होने का न्योता तो देंगे ही, साथ ही एमपी-जापान की पार्टनरशिप को भी और मजबूत करेंगे। विजनरी सीएम मोहन यादव का यह जापान दौरा मध्य प्रदेश को आर्थिक मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगा। इस दौरे से एक तरफ राज्य में निवेशक आएंगे, तो दूसरी ओर प्रदेश के सैकड़ों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। इसलिए सीएम यादव का इस दौरे पर खास फोकस है।अगर आप गौर करेंगे तो देखेंगे कि एक साल की सरकार में प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने कई ऐसे काम किए हैं, जिससे जनता को न केवल फायदा हुआ है, बल्कि लोगों का विश्वास भी बढ़ा है। सीएम यादव इस फायदे और विश्वास को




किसी कीमत पर कम होने नहीं देना चाहते। वे चाहते हैं कि जितनी जल्दी हो सके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन ज्ञान (गरीब-युवा-अन्नदाता-नारी शक्ति) को पूरा कर लिया जाए। और, इसलिए वे हर तरह क दौरे को भी मिशन के रूप में ही ले रहे हैं। उनका उद्देश्य मध्य प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में तीव्र गति से शामिल करना है। दूसरी ओर, ब्रिजस्टोन, पैनासोनिक, सनोह, एनएचके, और कोमात्सू जैसी प्रमुख जापानी कंपनियां राज्य में जबरदस्त काम कर रही हैं। इतना ही नहीं, जापान 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश–ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' में 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भाग लेगा। सीएम यादव 27 जनवरी की शाम इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट नई दिल्ली से टोक्यो के लिए रवाना होंगे। 28 जनवरी की रात 2:25 बजे वे टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पहुंचेंगे। यहां वे फ्रेंडस ऑफ एमपी की जापान टीम से मुलाकात करेंगे। उसके बाद सुबह 9:15 बजे भारतीय राजदूत महामहिम सिबी जॉर्ज से उनके निवास पर औपचारिक मुलाकात करेंगे। सुबह 10:15 बजे वे एडो गावा सिटी स्थित महात्मा गांधी पार्क पहुंचेंगे. यहां सीएम यादव महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करेंगे। सुबह 11:30 बजे वे भारतीय दूतावास में आयोजित रोड-शो 'सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप : मध्यप्रदेश' में भाग लेंगे। यहां निवेश और साझेदारी की संभावनाओं पर उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे।उनके साथ वन-टू-वन मीटिंग करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 3:30 बजे भारतीय राजदूत के निवास पर आयोजित भोज में शामिल होंगे। इस तरह वे चार दिनों तक उद्योगपतियों-निवेशकों से चर्चा करेंगे। एक फरवरी को सीएम यादव वापस भारत लौट आएंगे।

# कांग्रेस के लोग जब भी आते हैं आंखों में धूल झोंकने आते हैं...

## सीएम ने सफाई कर्मियों को पहनाई पादुका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हम जिन आदर्शों को मानते हैं। उनकी तिथियों का भी महत्व है। बाबा साहब अंबेडकर की जयंती या पुण्यतिथि पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कभी महू नहीं आए। कांग्रेस के लोग जब भी आते हैं आंखों में धूल झोंकने आते हैं। बाबा साहब ने संविधान दिया तो आना चाहिए तो 26 जनवरी को आते, आज क्यों आए हैं। बाबा साहब के साथ जीवन भर अन्याय करने वाली पार्टी कांग्रेस रही है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दो- दो बार बाबा साहब को हरवाने के लिए नेहरु जी ने ताकत लगा दी और जिन्होंने हरवा दिया उसे पद्म विभूषण दिलवा दिया।**





सीएम यादव ने यह बात इंदौर के गांधीनगर चौराहा पर जन कल्याण अभियान अंतर्गत आयोजित हितग्राही सम्मेलन में कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों को पादुका पहनाकर सम्मान किया। सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि, हम जिन आदर्शों को मानते हैं। उनकी तिथियों का भी महत्व है। बाबा साहब अंबेडकर की जयंती या पुण्यतिथि पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कभी महू नहीं आए। कांग्रेस के लोग जब भी आते हैं आंखों में धूल झोंकने आते हैं। बाबा साहब ने संविधान दिया तो आना चाहिए तो 26 जनवरी को आते, आज क्यों आए हैं। बाबा साहब के साथ जीवन भर अन्याय करने वाली पार्टी कांग्रेस रही है। सीएम यादव ने आगे कहा कि पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दो- दो बार बाबा साहब को हरवाने के लिए पूरी ताकत लगा दी। जिन्होंने हरवा दिया उसे पद्म विभूषण दिलवा दिया। बाबा साहब ने कहा था समतामूलक समाज बनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास इसी उद्देश्य से किया। कांग्रेस ने बाबा साहब का सम्मान कभी नहीं किया। बाबा साहब को कोई सम्मान नहीं दिया, बल्कि नेहरु जी ने खुद को भारत रत्न ले लिया। इंदिरा गांधी ने भी भारत रत्न ले लिया, लेकिन बाबा साहब के योगदान को याद नहीं किया। जब बीपी सिंह जी प्रधानमंत्री थे तो भाजपा के कहने पर बाबा साहब को भारत रत्न दिया गया। हमारी सरकार सबको ढूंढ कर पद्मश्री देती है। इन्होंने बाबा साहब का स्मरण नहीं किया। सीएम यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां-जहां इनके पांव पड़े वहां वहां बंटाढार। अपने परिवार के अलावा कांग्रेस को कुछ दिखता नहीं। बहन प्रियंका गई वाड़ा परिवार में, लेकिन गांधी लगाती हैं, क्योंकि वोट नहीं कट जाएं। नकली गांधियों ने असली गांधी मिटा दिया। एक बार अजा वर्ग से सीताराम केसरी अध्यक्ष बन गए। कांग्रेस ने बुजुर्ग नेता उनकी धोती खोलकर कांग्रेस कार्यालय से बाहर निकालने का काम किया। अब ये संविधान बचाने की बात कह रहे हैं। नेहरुजी, इंदिराजी से लेकर राजीव गांधी तक ने संविधान का अपमान किया। सीएम ने कहा कि हम प्रदेश में दूध का उत्पादन बढ़ा रहे हैं। दारू की दुकान बंद हो और दूध की दुकान चलना चाहिए। बहनों की जिंदगी अच्छी करने के लिए हम ऐसा करेंगे। धार्मिक शहरों से हम दारू की दुकान बंद कर रहे हैं। सीएम ने कार्यक्रम में भीड़ देखकर कहा कि ऐसा लग रहा है कि मालवा में कुंभ का मेला भरा है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने जो-जो गलतियां की हैं उनसे माफी मंगवाएंगे। हम माफी यात्रा निकालेंगे।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य ने कहा कि आज इंदौर के पास महू में कांग्रेस की पूरी झूठ की फैक्ट्री आई है। पूरा झूठ का पिटारा जो झूठ बोलने के अलावा कुछ नहीं करते वो महू में आए हैं। मैं कांग्रेस की झूठ की फैक्ट्री से पूछना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में 47 साल कांग्रेस की सरकार रही। लेकिन आपने महू में बाबा साहब का राष्ट्रीय स्मारक क्यों नहीं बनाया। अपने प्रदेश में बाबा साहब, रविदास का स्मारक क्यों नहीं बनाया। ये आपको जवाब देना पड़े। पीएम मोदी सागर में 100 करोड़ की रविदास के मंदिर की आधार सिला रखते हैं। लेकिन आपने क्या किया। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस खुले मंच से बताए कि उसने अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लिए क्या किया है। कांग्रेस जवाब दे कि गरीब, महिलाएं, किसान और युवा के लिए कांग्रेस जब जब सरकार पर रही इन चारों वर्ग के लिए क्या काम किए। बाबा साहब के पंच तीर्थों में जो भी काम हुए हैं वो पीएम मोदी और भाजपा की सरकार ने किया है। अब कांग्रेस का जनाधार समाप्त हो चुका है। कांग्रेस के नेता जनता से विचलित होकर बात करते हैं। वो कभी जनता के हित की बात नहीं करते। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि आज इंदौर में एक ओर बाबा साहब का सम्मान करने वाले लोग उपस्थित हैं। वहीं दूसरी ओर ऐसे लोग आए हैं जिन्होंने बाबा साहब का अपमान किया है। एक बार नहीं कई बार। बाबा साहब की जन्म भूमी आज राहुल गांधी से पूछ रही है कि क्या आप अपने राजनीतिक परिवर्तन के लिए आए हैं। कांग्रेस ने बाबा साहब का अपमान तो बार-बार किया। लेकिन संविधान में लोकतंत्र की हत्या करने का काम किसने किया। संविधान में धारा 370 किसने लगाने का काम किया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 लगा के ये प्रावधान किया था कि वहां का सफाई कर्मी जिंदगीभर सफाई कर्मी रहे। लेकिन इसे हटाने का काम भाजपा सरकार ने किया है।



### निगम के अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर निगम मुख्यालय पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने ध्वजारोहण किया। इसमें नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके अच्छे काम के लिए सम्मानित किया गया।

## सीतला माता बाजार में 1 फरवरी से बैरिकेडिंग, ई-रिक्शा और चारपहिया वाहनों की एंट्री बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के सीतला माता बाजार में ट्रैफिक की समस्या को सुलझाने के लिए व्यापारी एसोसिएशन ने कमर कस ली है। जल्द ही बाजार में बैरिकेड्स लगाने की तैयारी है, ताकि ई-रिक्शा, रिक्शा, ठेला और चार पहिया गाड़ियां बाजार में न आ सकें। यह व्यवस्था दोपहर 12:30 बजे से रात 9 बजे तक लागू रहेगी।**



इसके साथ ही एसोसिएशन दो गार्ड भी तैनात करेगा, जो पुलिस जवानों की मदद करेंगे। श्री सीतला माता बाजार व्यापारी एसोसिएशन की अध्यक्ष हेमा पंजवानी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के साथ हुई बैठक में तय किया गया कि गौराकुंड चौराहा और मरोठिया बाजार पर चार-चार बैरिकेड लगाए जाएंगे। केवल दो पहिया वाहनों को बाजार में आने दिया जाएगा। एसोसिएशन की तरफ से तैनात गार्ड ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करेंगे। एसोसिएशन बाजार में व्यवस्था सुधारने के लिए व्यापारियों से बात करेगा। व्यापारियों और उनके स्टाफ की गाड़ियां यशवंत गंज स्थित मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी करने को कहा जाएगा। इस पार्किंग का मासिक शुल्क 300 रुपए तय किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि दुकानों के बाहर रखी डमी और अन्य वस्तुओं को व्यवस्थित करने के लिए व्यापारियों को समझाया जाएगा। यह योजना 1 फरवरी से लागू होगी। सीतला माता बाजार में करीब 450 कपड़ा दुकानें हैं। प्रदेशभर से ग्राहक यहां खरीदारी करने आते हैं। सड़क चौड़ीकरण के बाद व्यापार में तेजी आई थी, लेकिन ट्रैफिक की समस्या से ग्राहकों को परेशानी हो रही थी। एसोसिएशन का मानना है कि नई व्यवस्था से बाजार में ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा और व्यापार पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

## मोबाइल की लत से दुर रखने के लिए बच्चों को रचनात्मक कार्य के लिए प्रेरित कर पुरुस्कृत किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** धर्मगुरु हिज होलिनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन की हिदायत मुताबिक मोबाइल की लत से दुर हुए बोहरा समाज के 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पुरस्कृत करने हेतु सैफी नगर एवं हकीमी विहार स्थित मिनी मार्वल्स अकादमी ने मुख्य अतिथि शेख सैफुद्दीन मद्रास वाला अध्यक्षता मजहर हुसैन सेठजी वाला एवं सादिक खान एवं बुरहानुद्दीन शकरुवाला के विशेष अतिथि में सैफी नगर स्थित महिला गार्डन में पुरुस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर शिक्षित भारत विकसित भारत के प्रेणता असगर फिदवी एवं महिला गार्डन इंचार्ज फजल हुसैन बड़वानी वाला भी विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालिका निसरीन सिंगापुर वाला ने बताया कि स्कूल समय के बाद बच्चे मोबाइल से दूर रह कर रचनात्मक कार्य में व्यस्त रहे एवं अपनी रूचि अनुसार कलाकृतियां बनाना, खुले मैदान में खेल खेलना एवं अन्य सकारात्मक कार्य में व्यस्त रह कर अपने व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को निखार सके इसके लिए बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की रचनात्मक एवं सकारात्मक गतिविधियां में व्यस्त रखा। बच्चों ने गणतंत्र दिवस के जश्न में देशभक्ति पर आधारित विभिन्न सुंदर कलात्मक कलाकृतियां बना कर सभी का मन मोह लिया।

**साथ ही आयोजित** – खेलकूद प्रतियोगिता मेंढक दौड़, लेमन रेस, कप स्टैकिंग, बोरा दौड़, तौलिया खेल, बुक संतुलन, ट्री लेग, फ्री हैंड ड्राइंग, बॉल ट्रांसफर, बॉल बैलेंसिंग आदि खेलों में उत्साह से भाग लिया। सभी गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त बच्चे अब्दुल कादिर पर्स वाला, हसन अत्तार, मोहम्मद सनावद वाला, अदनान बड़वानी वाला, मोहम्मद महेश्वर वाला, नफीसा धार वाला, नफीसा केरोना वाला, इंसिया, सकीना हैदराबाद वाला, मुफद्दल, मोहम्मद मंदसौर वाला, बतुल लेमन वाला, रूकैया लठ्ठा वाला, हसन, नफीसा पाटन वाला, अमतुल्ला कमलापुर वाला एवं जमीला सिंगापुर वाला भी उपस्थित थीं।

## राष्ट्रकवि सत्तनजी का स्वागत कर किया सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देश विदेश में अपनी ओजस्वी व व्यंग्यात्मक व चुटीली कविताओं से श्रोताओं को लुभाने वाले इंदौर क़े राष्ट्रकवि पंडित सत्यनारायण 'सत्तन'का एक समारोह में उनके हिन्दी साहित्यिक में उपलब्धियों व योगदान के कारण संस्था 'आदित्य'क़े संयोजक सचिन नीमा ने केशरिया उपरना पहना कर व सम्मान पत्र व मूमेंटो देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर अमर गोमे, विनोद निगम, मनीष शिंदे, रवि खिंची, रूपेश वर्मा, उमेश पांडे, सुरेश वर्मा आदि उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री इंदौर में जन कल्याण अभियान के समापन कार्यक्रम में हुए शामिल

# जियो और जीने दो के सिद्धांत पर हर गरीब का जीवन बेहतर बनाने राज्य सरकार प्रतिबद्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सुशासन और समता मूलक समाज पर देश को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए 63 प्रकार की विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, गरीबी रेखा राशन के लाभ उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार के प्रतिनिधि घर-घर पहुंच रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए पुनः सर्वे कराया जा रहा है। राज्य सरकार 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर विश्वास करती है और हर गरीब का जीवन बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनकल्याण अभियान के समापन पर इंदौर के गांधी नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में इंदौर और उज्जैन संभाग के हितग्राही और नागरिक शामिल हुए। राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 11 दिसम्बर, 2024 से 26 जनवरी 2025 तक प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया। इसमें हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में आए नागरिकों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की समरसता और समानता की भावना को केन्द्र में रखकर कार्य कर रही है। बाबा साहेब ने हमें समानता का अधिकार दिलाया और अब प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' मंत्र के साथ प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने बाबा साहेब को वह सम्मान नहीं दिया, जो उन्हें मिलना चाहिए था। हमारी सरकार ने बाबा साहेब के उन स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है, जो उनके जीवन से जुड़ी हुए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पक्का मकान, गैस का चूल्हा, 2029 तक प्रतिमाह निशुल्क राशन, बच्चों के अध्ययन के लिए निशुल्क पुस्तकों की व्यवस्था के साथ ही दुग्ध-उत्पादन में वृद्धि के लिए 10 से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान की व्यवस्था की जा रही है। हर गरीब, किसान, युवा और बहनों का भला करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार लाड़ली बहनों के माध्यम से हर महीने रक्षाबंधन मना रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशा नाश की जड़ है, अतः प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान आरंभ किया जा रहा है। शराब दुकानों को हतोत्साहित कर दूध के उत्पादन को प्रोत्साहित करना हमारा उद्देश्य है। इससे बहन-बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और सम्पन्नता सुनिश्चित होगी और परिवारों का जीवन बेहतर होगा। राज्य सरकार ने नशा के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत ही धार्मिक शहरों से यह अभियान आरंभ किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'हर हाथ को काम, हर खेत को पानी', राज्य सरकार का लक्ष्य है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में विश्व के पहले नदी जोड़ो अभियान का क्रियान्वयन हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बुंदेलखंड की धरती में सिंचाई सुविधा के लिए एक लाख करोड़ रुपए मध्यप्रदेश को उपलब्ध कराये हैं। राज्य सरकार जंगल बचाने और पलायन रोकने की दिशा में भी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिए जापान के उद्योग समूह अपनी उन्नत तकनीक के साथ प्रदेश में कार्य करने के इच्छुक हैं। इसका लाभ लेते हुए राज्य में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए जापानी उद्योग समूहों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से वे जापान जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विद्यमान बौद्धिक क्षमता, युवाओं के सामर्थ्य और उद्योगों के लिए विद्यमान सकारात्मक वातावरण के कारण प्रदेश को चार लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इससे 3 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी 24 और 25 फरवरी 2025 को भोपाल में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पधार रहे हैं। इससे मध्यप्रदेश विकास की ओर तेजी से अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित जन समुदाय से प्रदेश की प्रगति में समर्पित भाव से योगदान देने का आह्वान किया।

'जय संविधान' कार्यक्रम में बोले राहुल

# आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा करेंगे

## खड़गे ने कहा- गंगा स्नान से गरीबी दूर नहीं होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि दलितों, पिछड़ों और गरीब जनरल कास्ट के लोगों को एक बार फिर गुलाम बनाया जा रहा है। आईआईएम, आईआईटी के लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। आपको कहां से मिलेगा।**





उन्होंने कहा है कि मोदी जी जातिगत जनगणना कराने से डरते हैं। वे इसे कभी नहीं कराएंगे, लेकिन 50 फीसदी आरक्षण की दीवार को हम लोकसभा-राज्यसभा में तोड़ देंगे। कोई नहीं रोक सकता। हम पहले कांग्रेस शासित राज्यों में आरक्षण 50 परसेंट से ज्यादा करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाकर इस दीवार को तोड़ेंगे। राहुल गांधी ने सोमवार को महू में आयोजित कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली को संबोधित किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी इसमें शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुंभ में गंगा स्नान करने से गरीबी दूर नहीं होगी। भाजपा नेताओं में डुबकी लगाने की होड़ मची है। बता दें कि महू में कांग्रेस की रैली में कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम, देशभर से आए कांग्रेस के कई नेता शामिल हुए। रैली के बाद राहुल गांधी डॉ. अंबेडकर स्मारक पहुंचे और डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे इंदौर रवाना हो गए। यहां से विशेष विमान से दिल्ली चले गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाकुंभ स्नान को लेकर कहा कि गंगा स्नान से गरीबी दूर नहीं होगी। भाजपा नेताओं में गंगा स्नान की होड़ लगी हुई है। लोग कॉम्पटीशन में डुबकी मार रहे हैं। जब तक टीवी में डुबकी अच्छी नहीं आती है तब तक डुबकी मारते रहते हैं। धर्म पर हम सभी की आस्था है। धर्म हम सभी के साथ है, लेकिन धर्म के नाम पर किसी समाज में गरीबों का शोषण होगा तो हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। खड़गे का यह बयान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने के ठीक बाद आया है। कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि आज महू की ऐतिहासिक धरती से दलितों, वंचितों, पिछड़ों, आदिवासियों और शोषितों की बुलंद आवाज उठी है।16 दिसंबर 2024 को बाबा साहेब अंबेडकर का संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने अपमान किया है। यह उसके और गरीबों के अधिकारों को छीनने की हर साजिश के खिलाफ उठने वाली आवाज है।कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि जो लोग संस्थाओं को खोखला करना चाह रहे हैं। उनके खिलाफ मुहिम चलाएंगे। जनता का भरपूर समर्थन कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है।

# बड़े कट आउट, होर्डिंगों में दिग्गी-नाथ नदारद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**महू।** महू में कांग्रेस के आयोजनों में खुद का नाम चमकाने की होड़ और गुटबाजी भी नजर आई। मंच के सामने नारेबाजी कर शक्ति प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को डांटने खुद दिग्विजय सिंह को माइक संभालना पड़ा। आमसभा स्थल पर डोम के सामने नेतागणों के कटआउट लगे थे। उनमें पटवारी, सज्जन वर्मा, उमंग सिंघार, अरुण यादव, कमलेश्वर सिंह के कटआउट नजर आए, लेकिन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमल नाथ के कटआउट गायब रहे। दोनो नेता होर्डिंगों व बैनरों में भी ज्यादा नजर नहीं आए। कुल मिलाकर आयोजन की कमान कांग्रेस की तैयार हो चुकी दूसरी लाइन के नेताओं के हाथों में थी। मंच पर भी वे राहुल व अन्य बड़े नेताओं के इर्द-गीर्द नजर आए। मंच से प्रदेश के दो नेता पटवारी और उमंग को ही भाषण का मौका मिला। मंच के सामने एनएसयूआई के कार्यकर्ता झंडे दिखाकर नारेबाजी कर रहे थे। इससे मंच पर मौजूद नेता भाषण नहीं दे पा रहे थे। यह देखते हुए दिग्विजय सिंह ने माइक संभाला और कहा कि ए एनएसयूआई के लड़कों...झंडे नीचे करो। तुम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की बात नहीं मान रहे हो। क्या तुम आयोजन बिगाड़ने आए हो। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करना बंद की।

# बर्फीली हवाओं से प्रदेश में बढ़ी ठंड, कल 15 जिलों में बूंदाबांदी के आसार, 2-3 डिग्री बढ़ेगा तापमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है कहीं बारिश तो कहीं ठंड तो कहीं तापमान में बढ़ोतरी। अभी बर्फीली हवाओं से प्रदेश के कई जिलो में कड़के की ठंड पड़ रही है। अब वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से 29 जनवरी को भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत करीब 15 जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि, कहीं भी तेज बारिश होने की संभावना नहीं है। फरवरी की शुरुआत में भी प्रदेश में बारिश होने के आसार है। मौसम



विभाग के मुताबिक, उत्तरी हवाओं की वजह से प्रदेश में पिछले 4 दिन से तेज ठंड पड़ रही है। आज से ठंड से राहत मिल सकती है। दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। वहीं, बारिश का दौर शुरू होगा।

### दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस होंगे एक्टिव

मौसम विभाग ने 29 जनवरी और 1 फरवरी को दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने का अनुमान जताया है। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया, वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से फरवरी के शुरुआती 4 दिन तक मौसम बदला रहेगा। 1 से 4 फरवरी के बीच पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। इनमें रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग के जिले शामिल हैं। 29 जनवरी को कुछ जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है।

### 2 दिन ऐसा रहेगा मौसम

**28 जनवरीः** रात और सुबह के समय ठंड का असर रहेगा। दिन में तेज धूप खिलेगी। **29 जनवरीः** भोपाल, इंदौर, छिंदवाड़ा, सीहोर, पन्ना, राजगढ़, सिंगरौली, रीवा, शहडोल, सागर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।

## पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा वकील के साथ सरेंडर करने कोर्ट पहुंचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** आरटीओ का पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा सोमवार दोपहर में अपने वकील के साथ सरेंडर करने कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने सौरभ शर्मा को मंगलवार को कोर्ट बुलाया है। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक सौरभ शर्मा दोपहर 12:30 बजे के करीब सरेंडर करने फर्स्ट एडीजे आरपी मिश्रा की कोर्ट में पहुंचा। यहां सौरभ के वकील ने सरेंडर के लिए आवेदन दिया। वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि सौरभ लोकायुक्त के आय से अधिक संपत्ति के एक प्रकरण में फरार चल रहा है। वह अंडर इंवेस्टिगेशन है। वकील ने कोर्ट को बताया कि केस से जुड़े तमाम डॉक्यूमेंट लोकायुक्त की टीम के पास है। तब कोर्ट ने प्रतिवेदन के साथ डायरी कॉल की है। मंगलवार की सुबह लोकायुक्त के अधिकारियों को डायरी के साथ कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं। इसी के साथ सौरभ के वकील को भी मंगलवार की सुबह केस की सुनवाई के संबंध में दोबारा कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद दोपहर करीब 1:20 बजे सौरभ कोर्ट रूम से बाहर निकल गया। लोकायुक्त पुलिस की टीम भी कोर्ट पहुंची थी। लोकायुक्त डीजी जयदीप प्रसाद ने दैनिक भास्कर को बताया कि सौरभ शर्मा की ओर से सरेंडर करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की जानकारी मिली है।

# दुनिया को युद्ध की नहीं, महात्मा बुद्ध के शांति मार्ग की जरूरत है : डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध के बताये ज्ञान पर अमल की जरूरत है। भगवान बुद्ध का मार्ग ही विश्व शांति का मार्ग है। यह मार्ग हमें मन की शांति, करूणा, प्रेम, अपनत्व और विश्व बंधुत्व की ओर ले जाता है। मुख्यमंत्री ने बुद्ध के विचारों और शिक्षाओं को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि उनका संदेश दुनिया में शांति और सद्भाव लाने का सबसे सशक्त माध्यम है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल के चूना भट्टी क्षेत्र में आयोजित 9वें अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों द्वारा चयनित विभूतियों को 'अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध शांति पुरस्कार' प्रदान किया तथा महोत्सव




पर आधारित 'स्मारिका' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने आयोजनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक महोत्सवों से समाज में भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के संदेश का प्रसार होता है। बौद्ध महोत्सव में देश-विदेश से आए बौद्ध विद्वानों और अनुयायियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बौद्ध दर्शन और उसके माध्यम से विश्व शांति की स्थापना को बढ़ावा देना था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाज में समरसता लाने के लिए बुद्ध का बताया मार्ग सर्वश्रेष्ठ है। हम इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सरकार बौद्ध समाज के साथ मिलकर विकास के कार्य करेगी। बौद्ध समाज की मांग पर मुख्यमंत्री ने चूना भट्टी स्थित स्थल को स्थायी बौद्ध भूमि घोषित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हम सब एक हैं और सब मिलकर इस पवित्र बौद्ध भूमि का विकास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को सदैव ही सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब की जन्म स्थली, उनके अध्ययन स्थल, उनकी दीक्षा भूमि, चैत्य स्थल और महानिर्वाण स्थल का विकास कर इन्हें पंच महातीर्थ की संज्ञा दी है। हमारी सरकार महात्मा गौतम बुद्ध और बाबा साहेब के बताए शांति मार्ग पर चलकर समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में अग्रसर है। हमने 24 जनवरी को हुई कैबिनेट मीटिंग में महू स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। सांची स्थित बौद्ध ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय को भी हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप बनायेंगे। इसमें सभी जरूरी संसाधन और सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

# 'फेंक देंगे काटकर..' गाने पर एमबीए स्टूडेंट की रील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी। रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में एमबीए की स्टूडेंट अल्फिया खान की सोशल मीडिया पर अपलोड की गई रील पर विवाद हो गया है। हिंदू संगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने सोमवार को छात्रा पर केस दर्ज किया है।**

दरअसल, वीडियो रील में 'ख्वाजा के गुलामों से उलझना छोड़ दे.. फेंक देंगे काटकर..' एंबीएस बज रहा है। जिसमें छात्रा अपनी गर्दन पर हाथ रखकर इशारा करती है। वहीं दूसरी रील में AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के एक भाषण का '15 मिनट' वाला एबीएस बज रहा है। जिस पर छात्रा ने रील बनाई है। हिंदू संगठनों के विरोध और एफआईआर दर्ज होने



के बाद अल्फिया खान ने सोशल मीडिया पर एक और वीडियो पोस्ट कर माफी मांगी है। उसने कहा है कि किसी भी धर्म के लोगों को इस वीडियो से ठेस पहुंची हो तो मैं उसके लिए माफी मांगती हूं। मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य नहीं था। गाना ट्रेंड हो रहा था तो मैने भी बना लिया, आगे से इस तरह की कभी रील नहीं बनाऊंगी। इसको भी मैं हटा दी हूं। इधर, रील सामने आने के बाद अवधेश प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी ने भी छात्रा को नोटिस दिया है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने छात्रा को सस्पेंड करने की चेतावनी दी है।

## जुआ खेलने से मना किया तो 4 लोगों की हत्या की

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर के तिमरी गांव में चार लोगों की हत्या कर दी गई। दो गंभीर घायल हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पाटन पुलिस के अनुसार, नूनसर इलाके के तिमरी गांव में दो परिवारों के बीच जुआ खेलने से रोकने पर विवाद चल रहा था। सोमवार सुबह इनमें से एक पक्ष के लोग गांव की ही दुकान पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान जुआ खेलने के आरोपी परिवार ने उन पर चाकू, लाठी और डंडों से हमला कर दिया। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि मृतकों में दो सगे भाई- कुंदन पाठक (35), चंदन पाठक (29) समेत उनके चचेरे भाई समीर (19) और अनिकेत दुबे (26) शामिल हैं। विपिन और छोटू घायल हैं। पाटन विधायक अजय विश्नोई, कलेक्टर दीपक सक्सेना और एसपी संपत उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे। कुंदन और चंदन के पिता गणेश पाठक ने कहा, 'कालू साहू ने हमारे बेटों को बुलाया। जैसे ही वे गाड़ी से उतरे, पप्पू साहू, दिन्नु साहू, संजू साहू, मनोज साहू सहित अन्य लोगों ने उन पर हमला कर दिया।' पाठक ने आगे कहा- हमने जुआ खेलने से मना किया था। इसको लेकर थाने में शिकायत भी की थी। इसके बाद से ही साहू परिवार हमारे खिलाफ रंजिश रखे हुए था।

## गणतंत्र दिवस के दिन खीर, पूड़ी, सब्जी और हलवा खाने से 40 स्कूली बच्चे बीमार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** जिले में गणतंत्र दिवस के दिन खीर, पुड़ी, सब्जी और हलवा खाने से 40 स्कूली बच्चे बीमार पड़ गए। बच्चों को रविवार शाम उल्टी दस्त होने लगा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को भी 20 बच्चों की तबियत बिगड़ गई। उन्हें भी उल्टी दस्त होने लगा, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचे हैं। हर साल की तरह इस साल भी खंडवा जिले के हरसूद के कसरावद गांव में एक सरकारी स्कूल में झंडा वंदन के बाद बच्चों को खीर, पुड़ी, सब्जी और हलवा खिलाया गया। ये सब खाने के बाद शाम होते ही लगभग 40 से ज्यादा बच्चों को उल्टी और दस्त होने लगा। आनन-फानन में बच्चों को हरसूद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन 40 बच्चों को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिली ही थी कि और 20 बच्चे बीमार पड़ गए। उन्हें भी जल्दी से अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चों की संख्या ज्यादा होने से अस्पताल में बिस्तर कम पड़ गए। कई बच्चों को जमीन पर लेटाकर इलाज किया गया। इतनी संख्या में स्कूली बच्चों के बीमार होने पर प्रशासन के हाथ पांव फूल गए हैं। जिला प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मिड डे मील बनाने वाले मां नर्मदा स्वयं सहायता समूह को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उसके स्थान पर नए स्वयं सहायता समूह को भोजन बनाने की जिम्मेदारी सौंप दी है। वहीं दूसरी तरफ परिजनों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है।

## संपादकीय

# बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार के भविष्य पर भी संकट

बांग्लादेश के लिए बीता साल, 2024 बेहद उथल-पुथल और राजनीतिक अस्थिरता वाला रहा। देश की राजधानी ढाका समेत कई शहरों में हुए विरोध प्रदर्शनों के चलते ना सर्फ शेख हसीना की सरकार गिरी बल्कि उनको बांग्लादेश भी छोड़ना पड़ा। इन विरोध प्रदर्शनों के कुछ महीनों के बाद ढाका में फिर छात्र आंदोलन को दूसरे दौर की आहट सुनने को मिल रही है। इससे 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। ढाका यूनिवर्सिटी से जुड़े सैकड़ों छात्र सड़कों पर उतरे हैं। ढाका विश्वविद्यालय से जुड़े सात कॉलेजों के छात्रों ने सोमवार, 27 जनवरी को एक बड़ा प्रदर्शन कर छह मांगें रखीं हैं। छात्रों ने इन मांगों को पूरा करने के लिए डेडलाइन भी दी है। अगर तय समययीमा में मांगें नहीं मानी जाती है तो छात्र एक बड़े प्रदर्शन की तरफ जा सकते हैं। ये छात्र ढाका यूनिवर्सिटी से अपना संबंध तोड़कर एक अलग विश्वविद्यालय चाहते हैं। छात्रों ने इस मुद्दे पर अंतरिम सरकार के हेड प्रोफेसर यूनुस से मिलने की मांग भी रखी है। प्रदर्शनकारी छात्रों की मुख्य मांग ढाका विश्वविद्यालय से अलग होकर एक स्वतंत्र विश्वविद्यालय की स्थापना है। इसके अलावा भी उन्होंने अन्य मांगें भी रखी हैं। छात्रों ने कहा है कि अगर मांगें पूरी नहीं होती हैं तो वे कड़ा रुख अपनाएंगे। ढाका कॉलेज में स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के महासचिव साजिब ने कहा, 'छात्र सड़कों पर उतर गए हैं, कई जगहों पर नाकेबंदी है। कह नहीं सकते कि इसका क्या अंजाम होगा। अगर मांगे नहीं मानी गईं तो हम सख्त कदमों का ऐलान करेंगे।' राजनीतिक विश्लेषक प्रोफेसर नजमुल अहसन कलीमुल्लाह ने भी इस पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि छात्र आंदोलन की दिशा अभी स्पष्ट नहीं है और इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं।

isha



'मुझे नहीं पता' कोई नकारात्मक मनःस्थिति नहीं है। हर एक खोज इसी एहसास से आई है।

– जग्गी वासुदेव

Health is Welth

# मुंह की बदबू कर रही है शर्मिंदा तो अपनाएं ये घरेलू उपाय, समस्या से मिलेगा जल्द छुटकारा

### मुंह की बदबू से छुटकारा दिलाएंगे ये उपाय

मुंह से आने वाली बदबू ना सिर्फ आपका आत्मविश्वास कम करती है बल्कि लोगों के सामने कई बार आपके लिए शर्मिंदगी का कारण भी बनने लगती है। मुंह से गंदी बदबू आने के पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। लेकिन दांतो की सफाई के प्रति लापवाही, मसूड़ों में सूजन, पायरिया या खून आना, जीभ को अच्छी तरह साफ नहीं करना और ड्राई माउथ की समस्या इसके पीछे के मुख्य कारण हो सकते हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो ये घरेलू उपाय आपकी समस्या दूर करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

### लौंग

ब्रश करने के बाद भी अगर आपके मुंह से बदबू आ रही है तो उससे निजात पाने के लिए आप लौंग की मदद ले सकते हैं। लौंग के इस उपाय को करने के लिए आपको रोजाना 2 से 3 लौंग की कलियां चबानी हैं।
लौंग में मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण नेचुरल तरीके से मुंह में छिपे बैक्टीरिया को दूर करने में मदद कर सकते हैं।



### नमक और तेल

सरसों के तेल में एक चुटकी नमक मिलाकर मसूड़ों की मसाज करने से भी आपको मुंह की बदबू से छुटकारा मिल सकता है। इसके अलावा इस उपाय को फॉलो करने से मसूड़ों को भी मजबूती मिलती है।

### सौंफ

खाना खाने के बाद लोग अकसर सौंफ और मिश्री खाना पसंद करते हैं। सौंफ पाचन तंत्र को ठीक रखने के साथ माउथ फ्रेशनर का भी काम करती है। सौंफ में मौजूद कूलिंग एजेंट पेट को ठंडा बनाए रखने के साथ मुंह की बदबू को खत्म करने में भी मदद करता है।

### तुलसी-पुदीना के पत्ते

तुलसी और पुदीना के पत्ते का उपाय भी मुंह की बदबू को दूर करने में मदद कर सकता है। इस उपाय को करने के लिए पुदीना के पत्ते पीसकर पानी में घोल दें। अब इस पानी से दिन में तीन बार कुल्ला करें।

### अदरक

एक गिलास पानी में अदरक का रस घोलकर दिन में तीन बार कुल्ला करने से मुंह की बदबू से राहत मिल सकती है।

Uttarpradesh

# बागपत के बड़ौत में बड़ा हादसा, जैन मानस्तंभ की सीढ़ियां ढहीं, 7 श्रद्धालुओं की मौत, 80 घायल

**बागपत, (एजेंसी)** यूपी के बागपत जनपद के बडौत कस्बे में मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हुआ है। भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मान स्तम्भ परिसर में लकड़ी से बना पैड ढह गया। ढहीं सीढ़ियों के नीचे दबकर सात श्रद्धालुओं की मौतों हो गई। मरने वालों में 2 महिलाओं समेत 5 व्यक्ति शामिल हैं जबकि 80 से अधिक श्रद्धालु घायल गए। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के विरोध में जमकर हंगामा कर रहे हैं। समाज, परिजन पोस्टमार्टम नहीं चाहते हैं। डीएम, एसपी का घेराव किया गया। तीखी नोंकझोंक हुई। एसपी अर्पित विजयवर्गीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच डटे हैं और राहत-



बचाव कार्य में जुटे है। हादसे में घायल होने वालों में महिलाओं के अलावा पुरुष और बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, एम्बुलेंस नहीं मिलने पर घायलों को ई रिक्शा में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, बड़ौत शहर के गांधी रोड पर यह दर्दनाक हादसा हुआ है। श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के मैदान पर बनाए गए मान स्तंभ का लकड़ी से बना पैड टूट गया। ढहीं सीढ़ियों के नीचे दबकर सात की जान चली गई जबकि 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मंगलवार को निर्वाण महोत्सव के तहत यहां धार्मिक कार्यक्रम होना था। जिसके लिए 65 फीट ऊंचा मंच बनाया गया था। जैसे ही श्रद्धालु मानस्तम्भ में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक करने के लिए लगाई गई अस्थायी सीढ़ियों पर चढ़ने लगे, तो वह भर-भराकर गिर गई।

Uttarpradesh

## झांसी से प्रयागराज जा रही ट्रेन पर भीड़ का हमला, पथराव और तोड़फोड़ से दहशत में आए यात्री



**झांसी, (एजेंसी)** संगम नगरी में जारी महाकुंभ के बीच झांसी से प्रयागराज जा रही ट्रेन पर भीड़ के हमले का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि प्रयागराज जा रही ट्रेन पर हरपालपुर स्टेशन पर हमला किया गया है. बताया जा रहा है कि हमलावरों ने ट्रेन पर तोड़फोड़ करने के साथ पथराव भी किया.

घटना झांसी मंडल के हरपालपुर स्टेशन की है. बताया जा रहा है कि भीड़ ने ट्रेन पर इतना खतरनाक हमला किया कि बोगी में सवार यात्री दहशत में आ गए. हमले से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं. वीडियो में नजर आ रहा है कि भीड़ में शामिल कई लोग ट्रेन की बोगी पर पथराव कर रहे हैं.

बताया जा रहा है कि भीड़ ट्रेन के अंदर घुसने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जब लोग अंदर नहीं घुस पाए तो उन्होंने बोगी के गेट और खिड़कियां तोड़ डालीं. बता दें कि कल मौनी अमावस्या के कारण प्रयागराज में रिकॉर्डतोड़ भीड़ पहुंचने की उम्मीद है. आज से ही लाखों की तादाद में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं.

घटना के सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. प्रयागराज जा रही ट्रेन पर भीड़ के इस हमले से रेलवे सुरक्षा की मुस्तैदी पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं. बता दें कि महाकुंभ को देखते हुए उत्तर प्रदेश प्रशासन ने पूरे प्रयागराज में कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था की हुई है.

New Delhi

## इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल पर ऐक्शन में NIA, 16 ठिकानों पर की गई छापेमारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल को लेकर एनआईए ने सख्ती दिखाई है और 16 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह जांच आईएसआईएस के उस मॉड्यूल के खिलाफ हो रही है, जिसके तहत युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेला जा रहा है। केरल, तमिलनाडु के युवाओं को इस्लामिक स्टेट में भर्ती करने की कोशिशें हो रही हैं। यही नहीं बीते कुछ सालों में करीब 20 युवा इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के लिए सीरिया और इराक तक गए थे। एजेंसी की ओर से यह छापेमारी इस्लामिक स्टेट के अलावा कुछ और विदेशी आतंकी संगठनों के साथ लिंक को लेकर की जा रही है।

सूत्रों का कहना है कि चेन्नै और मायिलादुथुरई समेत कई इलाकों में ये रेड मारी जा रही हैं। अब भी एनआईए की टीमें सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। एजेंसी ने 25 जनवरी को ही दो संदिग्ध लोगों को अरेस्ट किया था। ये लोग प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़े हुए थे और उनका पीएमके के नेता वी. रामलिंगम की हत्या में हाथ माना जा रहा है। वी. रामलिंगम का 2019 में कत्ल हो गया था। इस मामले को सांप्रदायिक ऐंगल से देखा जा रहा है और जब जांच आगे बढ़ी तो इसमें पीएफआई यानी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया का नाम सामने आया।

New Delhi

## भरभराकर मजदूरों के कमरे पर गिरी पांच मंजिला बिल्डिंग, 2 की मौत...

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के बुराड़ी इलाके के कौशिक एनक्लेव ऑस्कर स्कूल के पास 5 मंजिला अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग अचानक भरभराकर गिर गई. घटना में एक 8 साल की बच्ची सहित 2 लोगों की मौत हो गई. 12 लोग घायल हो गए. आठ लोगों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है.

जानकारी के मुताबिक इमारत पिछले एक साल से बन रही थी. बिल्डिंग में अभी फिनिशिंग का काम चल रहा था, जो मजदूर यहां काम कर रहे हैं और आसपास भी काम करते हैं. वह इसी इमारत के नजदीक एक खाली एरिया में किराए के कमरे में रह रहे थे. जब इमारत भर भराकर जमींदोज हो गई तो पूरा मलबा उन्हीं कमरों के ऊपर गिर पड़ा. बताया जा रहा है कि बिल्डिंग गिरते समय



करीब 20 से 22 लोग यहां रह रहे थे, जो कि इस बिल्डिंग के मलवे के नीचे दब गए. आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कोशिश करके करीब 12 लोगों को निकाल लिया गया है. घायलों में से 3 पुरुष गंभीर हैं, जिन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है.

खेल

# ICC Awards: भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बनीं साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर, दूसरी बार जीता पुरस्कार

**दुबई, (एजेंसी)** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर चुनी गई हैं। मंधाना ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था और 13 मैचों में 747 रन बनाए थे। यह एक कैलेंडर वर्ष में उनके द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन थे। मंधाना ने इस दौरान 57.86 के औसत और 95.15 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की थी।

### मंधाना दूसरी बार बनीं सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी

मंधाना ने इस दौरान चार वनडे शतक लगाए थे जो महिलाओं में एक रिकॉर्ड है। मंधाना ने 2024 में 95 चौके और छह छक्के जड़े थे और वह आईसीसी महिला चैंपियनशिप में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं। यह दूसरी बार है जब मंधाना साला की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई हैं। वह ऐसा करने वाली दुनिया की दूसरी



महिला बल्लेबाज हैं। उनसे पहले न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स इस क्लब में शामिल एकमात्र महिला क्रिकेटर थीं।

### मंधाना के लिए बेहतरीन रहा था साल 2024

28 साल की मंधाना ने पिछले साल 13 मैचों में 747 रन बनाए थे। वह साल 2024 की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रही थीं। मंधाना ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 गेंद में 29 रन बनाकर की थी। इसके बाद उन्हें अगले वनडे के लिए छह महीने का इंतजार करना पड़ा था। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जब वह खेलीं तो शानदार फॉर्म में दिखीं। मंधाना ने 2024 में चार शतक के अलावा तीन अर्धशतक भी लगाए। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर 136 रन रहा था।

### सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे टीम में भी मिली थी जगह

आईसीसी ने हाल ही में सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे टीम की घोषणा भी की थी जिसमें दो भारतीय को जगह दी गई थी। इनमें स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा शामिल थीं। मंधाना को इसमें सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह दी गई थी। स्मृति के अलावा श्रीलंका की चामरी अट्टापट्टू, दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी पुरस्कार की दौड़ में शामिल थीं, लेकिन मंधाना ने इन सभी को पीछे छोड़ा।

सिनेमा

## इतनी जल्दी कैसे ठीक हो गए सैफ अली खान? एक्टर की बहन सबा पटौदी ने दिया जवाब



बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान जब हॉस्पिटल से डिसचार्ज हुए तो उन्हें वापस अपने पैरों पर खड़ा देखकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। लेकिन वहीं कुछ लोग ऐसे भी थे जो इस मामले को संदेह की नजर से देख रहे थे। सैफ अली खान पर हुए हमले वाले मामले में अभी कई सवालिया निशान हैं। उदाहरण के लिए जहां एक तरफ लीलावती हॉस्पिटल ने अपनी रिपोर्ट में रीढ़ के पास से चाकू का टुकड़ा निकालने और एक्टर को लगे जख्मों के चाकू से लगने की बात कही है वहीं दूसरी तरफ एक फॉरेन्सिक एक्सपर्ट का कहना है कि जैसी चोटें सैफ को लगी हैं वो चाकू से नहीं लग सकतीं। जब सैफ अली खान के हॉस्पिटल से डिसचार्ज होने की तस्वीरें सामने आईं तो कई लोग यह सोचकर हैरान थे कि रीढ़ के पास चाकू से लगी इतनी गंभीर चोट के बाद वह इतनी जल्दी अपने पांव पर खड़े कैसे हो सकते हैं? सोशल मीडिया पर कई लोगों ने यह सवाल पूछा कि सैफ अली खान को जब चाकू से इतने जख्म लगे थे तो वह इतनी जल्दी इतने फिट कैसे हो गए? अब एक्टर की बहन सबा पटौदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसका जवाब दिया है। सबा पटौदी ने एक पोस्ट को रीशेयर किया है जिसमें लिखा- थोड़ा खुद का ज्ञानवर्धन कर लो। सबा पटौदी ने यह पोस्ट इंस्टा स्टोरी पर साझा की है जिसमें उन्होंने लिखा- लोगों के सैफ अली खान के बहुत जल्दी रिकवर होने की बात कही है जिसके बाद डॉक्टरों ने इसके पीछे की वजह समझाई है। सबा पटौदी ने नीचे लिखा कि पूरी बात समझने के लिए इमेज कैप्शन पर क्लिक कीजिए। पोस्ट खोलने पर उसमें एक लंबा कैप्शन पढ़ने को मिलता है जिसमें लिखा है कि कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर दीपक कृष्णमूर्ति ने कई गहरे जख्मों की सर्जरी के बाद सैफ अली खान के सिर्फ 5 दिन में रिकवर कर जाने को लेकर संदेह की नजर से देखे जाने को खारिज किया है। उन्होंने स्पाइन सर्जरी के बाद टहलती एक 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला का वीडियो साझा किया है।

## Highlights

1. Tharoor invites Coldplay to Kerala, says 'We'd be perfect hosts'
2. Man confronts tourists for littering in Himachal, video goes viral
3. Society must change: SC as it rejects plea to reform dowry law
4. MMRDA, UK govt join hands to boost Mumbai metro network
5. Video shows Baba Ramdev teaching CM Yogi yog mudra at Maha Kumbh

# RBI announces measures to inject liquidity into banking system

**NEW DEIHI, (Agency).** India's central bank announced on Monday a host of measures to inject liquidity into the banking system, including bond purchases and dollar/rupee swaps, which analysts and traders said could be a precursor to a rate cut next month.

The Reserve Bank of India's (RBI) measures, expected to collectively infuse 1.5 trillion rupees into the banking system, come after months of a cash crunch in the banking system that had pushed up overnight and short-term lending rates.

"The urgency that was being felt in the market has been addressed by the RBI through these steps," said A Prasanna, head of research at ICICI Securities Primary Dealership.




"I think a rate cut would be the next logical action," Prasanna said, adding the announcements signal that the central bank is more confident about inflation management. The RBI's rate-setting panel will announce its policy review on Feb. 7, after the annual federal budget on Feb. 1. As part of the package, the RBI will buy government bonds worth 600 billion rupees in three tranches and conduct a 56-day variable rate repo auction worth 500 billion rupees on Feb. 7, it said. It will also conduct a USD/INR buy/sell swap auction of $5 billion for a tenor of six months on Jan. 31.

# Rough start for Wall Street: Nvidia sees record $589 billion loss as China AI app DeepSeek stuns US markets

**NEW DEIHI, (Agency).** The rise of DeepSeek-R1, the latest AI model from the Chinese startup DeepSeek, to the top of Apple's App Store contributed to a rocky start for Wall Street and global markets this week.

From New York to London and Tokyo, equities sank, with the US slide following a surge to all-time highs. While the S&P 500 dropped 1.5 per cent, Nasdaq 100 fell 3 per cent.

The 17 per cent plunge of US tech giant Nvidia, on the other hand, erased $589 billion from its value, the largest in market history.




Energy firms expected to profit from an unprecedented demand for AI sank as well, led by a 21 per cent beatdown for Constellation Energy Corp.

"What was shaping up to be a big week in the markets got even bigger with the disruption in the AI space. That could make this week's megacap tech earnings even more critical to market sentiment," Chris Larkin from Morgan Stanley, said to Bloomberg.

Tech giants Microsoft and Apple are scheduled to make earnings announcements this week, and this could restore confidence in the 'Magnificent Seven' group of companies (Alphabet, Apple, Amazon, Microsoft, Meta, Nvidia and Tesla).

A gauge of the 'Magnificent Seven' megacaps slid 2.7 per cent, while the Philadelphia Stock Exchange Semiconductor Index and The Russell 2000 slipped 9.15 per cent and 1 per cent, respectively.

# शहर में महापौर केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में महिला-पुरुष दंगल

◆ विजेताओं को मिलेंगे लाखों के नगद पुरस्कार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में अखिल भारतीय महापौर केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 2 फरवरी तक छोटा नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष पहलवानों के लिए अलग-अलग दंगल होंगे।**

कुल 51 लाख रुपए की इनामी राशि रखी गई है। पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले पहलवानों को क्रमशः 3 लाख, 2 लाख और 1 लाख रुपए की नगद राशि दी जाएगी। वहीं, महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर आने वाली पहलवान को 1 लाख 11 हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर 71 हजार रुपए और तृतीय स्थान पर 51 हजार रुपए का इनाम मिलेगा।

महापौर केसरी कुश्ती प्रतियोगिता के अध्यक्ष और सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहर की परंपरागत खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया कि पहलवानों की संख्या को देखते हुए प्रतियोगिता की शुरुआत 30 या 31 जनवरी से की जाएगी। पहले दिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक महिला और पुरुष पहलवानों का वजन किया जाएगा। महिला वर्ग में कुश्ती 30 किलो से 60 किलो प्लस (ओपन) और पुरुष वर्ग में 25 किलो से 80 किलो प्लस (ओपन) के अलग-अलग वजन वर्ग में होगी।

इस प्रतियोगिता में विजेता पहलवानों को गुर्ज, पट्टे और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव करेंगे। इस दौरान ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी पप्पू यादव और अर्जुन अवॉर्डी कृपाशंकर पटेल के साथ-साथ शहर के वरिष्ठ पहलवान, जनप्रतिनिधि और पार्षदगण उपस्थित रहेंगे।

पहाड़िया ने बताया कि यह प्रतियोगिता चार श्रेणियों में आयोजित की जाएगी, जिसमें मध्यप्रदेश महापौर केसरी, इंदौर महापौर केसरी, महिला महापौर केसरी और पुरुष महापौर केसरी शामिल हैं। इस दौरान शहर के पारंपरिक खेल प्रेमियों को दंगल का आनंद मिलेगा।

## होम्योपैथिक डॉक्टर से रेप

**इंदौर।** गुमाश्तानगर में रहने वाली एक होम्योपैथिक डॉक्टर से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला के पति की मौत के बाद मदद के नाम पर दोस्ती कर रेप किया। पुलिस अब मामले में जांच कर रही है। महिला डॉक्टर ने योगेश नाम के व्यक्ति के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि रविवार को घर पर अकेली थी। इस दौरान आरोपी उससे मिलने आया। उसने जबरदस्ती टच किया। इसके बाद अश्लील हरकत कर उसका रेप किया। बाद में डॉक्टर महिला वहां से भागकर अपनी सहेली के यहां पहुंची। आरोपी योगेश ने जान से मारने की धमकी दी। महिला डॉक्टर के मुताबिक आरोपी को 2 माह से पहचानती है। उसके पति की मौत के बाद वह संपर्क में था। महिला पूर्व में अपनी सास और देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और अन्य मामलों में केस दर्ज करवा चुकी है। महिला ने दूसरी शादी इंदौर में की थी। पति की नवंबर माह में मौत होने के बाद ससुराल के लोगों से उसका विवाद हुआ था। इसके बाद उसने केस दर्ज कराया था।

# होटल में घुसकर कर्मचारियों को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की तलाश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के तिलक नगर स्थित एक होटल में सोमवार शाम एक व्यक्ति ने दो कर्मचारियों की पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ देर रात केस दर्ज किया है। आरोपी होटल स्टाफ का परिचित है। पुलिस अब मामले में जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक घटना स्कीम नंबर 140 में स्थित होटल नित्या में हुई। यहां विकास गौतम की शिकायत पर पुलिस ने राजकुमार सैनी और उसके बेटे के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। विकास ने बताया कि वह सोमवार देर शाम होटल में बैठा हुआ था।

तभी कुलकर्णी भट्टे का रहने वाला राजकुमार अपने बेटे के साथ होटल पहुंचा और उसने अमित का पूछा। जब विकास ने बताया कि अमित काम से बाहर गए हैं, तो राजकुमार ने उसे अपशब्द कहे। इसके बाद राजकुमार सैनी ने यह कहा कि अमित को बता दो कि उसे किराया देना है, क्योंकि वह इस बिल्डिंग का मालिक है।

विकास ने जब यह कहा कि होटल का एग्रीमेंट नीतू शेखावत से हुआ है, तो आरोपी और उग्र हो गया और लात-घूंसे से मारपीट शुरू कर दी। होटल के अन्य स्टाफ ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका। अंत में विकास ने अमित सर से संपर्क किया और मामले को लेकर सैनी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी राजकुमार सैनी और उसके बेटे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक